कार्यालय पुलिस अधीक्षक, मीरजापुर।

पत्र संख्याःन–119/2023(थाना) दिनांकःजनवरी 31 ,2024

## विज्ञप्ति

जनपद–मीरजापुर में थाना भवन अनुरक्षण मद के अन्तर्गत कराये जाने वाले विशेष मरम्मत कार्यो हेतु दिनांक 14.02.2024 की तिथि नियत करते हुए अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की गयी है। इच्छुक पंजीकृत फर्म/ठेकेदार नियत तिथि को प्रातः10.00 बजे पुलिस कार्यालय, जनपद–मीरजापुर में उपस्थित होकर निविदा में उल्लिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए निविदा में प्रतिभाग कर सकते हैं।

(अभिनन्दन)
पुलिस अधीक्षक,
मीरजापुर।

# अल्पकालीन निविदा सूचना, जनपद–मीरजापुर।

## (उ0प्र0सरकार/पुलिस विभाग)

उ0प्र0पुलिस मुख्यालय,लखनऊ द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–2024 में जिला पुलिस थाना के मानक मद 29–अनुरक्षण भवन के अन्तर्गत जनपद मीरजापुर हेतु आवंटित अनुदान के सापेक्ष पुलिस उप महानिरीक्षक,विन्ध्याचल परिक्षेत्र, उ0प्र0,मीरजापुर द्वारा अनुमोदित निम्नलिखित विशेष मरम्मत कार्यों को प्रचलित वित्तीय वर्ष में कराने के लिए मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती हैः–

| क्र0सं0 | चिन्हित कार्य का विवरण |
|---|---|
| 1 | थाना कोतवाली कटरा मेस के छत की विशेष मरम्मत |
| 2 | थाना कोतवाली कटरा कार्यालय के छज्जे, दरवाजे व खिड़कियों की विशेष मरम्मत कार्य |
| 3 | थाना कोतवाली कटरा की रंगाई–पुताई का कार्य |
| 4 | थाना कोतवाली कटरा मेस का दरवाजा, खिड़की व रंगाई–पुताई का कार्य |
| 5 | थाना कोतवाली कटरा कार्यालय के छत की विशेष मरम्मत |
| 6 | थाना कछवॉ मेस के छत का विशेष मरम्मत |
| 7 | थाना कछवॉ बैरक नं0 1 की रंगाई–पुताई व विशेष मरम्मत कार्य |
| 8 | थाना कछवॉ में मालखाना, बैरक व मेस के दरवाजों व खिड़कियों के मरम्मत/नया लगाने का कार्य। |
| 9 | थाना कछवॉ बैरक नं0 2 की रंगाई–पुताई व विशेष मरम्मत कार्य |
| 10 | थाना कछवॉ मेस की रंगाई–पुताई व विशेष मरम्मत कार्य। |
| 11 | चौकी टेढ़वा थाना चील्ह कार्यालय, मेस व बैरक की रंगाई–पुताई व विशेष मरम्मत कार्य |
| 12 | चौकी टेढ़वा थाना चील्ह के बैरक व मेस की दीवार का प्लास्टर व अलवेस्टर शीट की मरम्मत/नया लगाने का कार्य |
| 13 | थाना कोतवाली देहात के बैरक व मेस की रंगाई–पुताई व विशेष मरम्मत |
| 14 | थाना कोतवाली देहात के मेस के अलवेस्टर शीट की विशेष मरम्मत/नया लगाने का कार्य |
| 15 | थाना कोतवाली देहात महिला चौकी के छत, बाथरूम के फर्श की विशेष मरम्मत कार्य |
| 16 | थाना कोतवाली देहात में शौचालय/बाथरूम के कमोड, यूरिनल व पाइप लाइन की विशेष मरम्मत कार्य |
| 17 | थाना पड़री बैरक नं0 1 के छत की विशेष मरम्मत कार्य |
| 18 | थाना पड़री बैरक नं0 2 के छत की विशेष मरम्मत कार्य |
| 19 | थाना पड़री बैरक नं0 3 के छत की विशेष मरम्मत कार्य |
| 20 | थाना पड़री के बैरक की रंगाई–पुताई व विशेष मरम्मत कार्य |
| 21 | थाना मड़िहान के टाइप–2 आवास के दरवाजा, खिड़की लगाने व रंगाई–पुताई का कार्य |
| 22 | थाना मड़िहान कार्यालय के रंगाई–पुताई व विशेष मरम्मत कार्य |
| 23 | थाना मड़िहान में बने शौचालय/बाथरूम के दरवाजे की विशेष मरम्मत/नया लगाने का कार्य |

**1–निविदा फार्म क्रय करने की तिथि–31.01.2024 प्रातः10.00 बजे से 13.02.2024 अपरान्ह् 14.00 बजे तक**
**2–निविदा फार्म जमा करने की तिथि–14.02.2024 अपरान्ह् 12.30 बजे तक।**
**3–निविदा खोलने की तिथि–14.02.2024 अपरान्ह् 12.40 बजे।**

शर्तेः–

1–नक्शें तथा निर्धारित प्रारूप पुलिस कार्यालय,मीरजापुर में निर्धारित तिथि के मध्य कार्य दिवस में प्रातः10.00 बजे से अपरान्ह 05.00 बजे तक देखे जा सकते हैं।

2–निविदा छपे फार्म पर लिखा जाना आवश्यक हैं,जो पुलिस कार्यालय में उसे खुले रहने तक रू0 100/– प्रति फार्म की दर प्राप्त किये जा सकते हैं।

3–मुहर बन्द निविदा ऐसे लिफाफें में रख कर उस पर उपरोक्त कार्य के टेण्डर शब्द व्दारा अभिप्रमाणित हों, पुलिस कार्यालय में दिनांक–14.02.2024 को समय 12.30 बजे तक दिये जा सकते हैं।

4–निविदा में पूरी धनराशि स्पष्ट अंकित होनी चाहिए जिसके लिए अधिक या कम व दर भी देनी चाहिए, जिसकी दर से वह कार्य जिसके लिए पूरे कार्य को सम्पन्न कराने हेतु दिये है, के भुगतान को तैयार हों।

5–सम्पूर्ण कार्य सम्पादन के लिए जिसे धनराशि का टेण्डर दिया जाय उसकी 02 प्रतिशत धनराशि धरोहर की राशि के रूप में नकद अथवा एनएससी के रूप में प्रत्येक निविदा के साथ लगाना अनिवार्य हैं। इसके संलग्न न होने पर निविदा पर विचार किया जाना संभव नही होगा।

6–निविदा पुलिस कार्यालय,मीरजापुर में प्राधिकृत अधिकारी (क्षेत्राधिकारी–भवन) द्वारा लिया जायेगा एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ खोला जायेगा।

7–न्यूनतम निविदा स्वीकृत होने पर ठेकेदार व्दारा अनुबन्ध पत्र तैयार कराकर उस पर हस्ताक्षर करना होगा, ताकि उसे कार्यादेश निर्गत किया जा सके।

8–न्यूनतम निविदा स्वीकृत होने पर ठेकेदार व्दारा निविदा में अंकित धनराशि के 10प्रतिशत सिक्योरिटी मनी के रूप में तत्काल पुलिस अधीक्षक,मीरजापुर के नाम से धरोहर कराकर जमा किया जाना अनिवार्य हैं। यह उक्त धनराशि एन0एस0सी0 अथवा किसी बचत पत्र के रूप में जमा की जाती है, तो उस पर 62.50 रूपये प्रति हजार तथा नकद जमा करने पर रू0 125/– प्रति हजार की दर से स्टाम्प शुल्क देना अनिवार्य होगा।

9–उक्त व्यक्ति/फर्म जिसकी निविदा अनन्तिम रूप से स्वीकार की जायेगी, को सूचना दिए जाने के उपरान्त् तत्काल कार्यालय में उपस्थित होकर अग्रिम कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करेगें। ऐसा न करने पर उनकी धरोहर राशि जब्त करते हुए उनकी निविदा निरस्त कर दी जायेगी। यह आवश्यक है कि जिस व्यक्ति/फर्म की निविदा अन्तिम रूप से स्वीकार कर लिया जाये, वह अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्धारित की गयी तिथि से कार्य प्रारम्भ कर दें एवं उसे नियत समय में आगणन में उल्लिखित विशिष्टियों के अनुसार पूर्ण करें। विलम्ब से कार्य सम्पन्न करने पर नियत तिथि के पश्चात् रू0 500/– प्रतिदिन की दर से जुर्माना अदा करना होगा। जिस फर्म/ठेकेदार की निविदा स्वीकृत होगी, उन्हें 03 दिवस के अन्दर निर्धारित अनुबन्ध–पत्र/स्टाम्प ड्यूटी तथा जमानत धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा।

10–यह आवश्यक हैं कि जिस व्यक्ति/फर्म की निविदा स्वीकार की जायेगी, उसे कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व एवं कार्य पूर्ण होने के पश्चात् के 2–2 फोटोग्राफ जो एक ही दिशा/दूरी से खींची गयी हो, को सुव्यवस्थित ढ़ग से एलबम में रखकर कार्य होने की रिपोर्ट के साथ देना होगा।

11–कार्य संतोषजनक पूर्ण होने के तत्काल बाद कार्य पूर्ण करने विषयक रिपोर्ट उक्त प्रयोजन हेतु गठित समिति/परिक्षेत्रीय अवर अभियन्ता की टिप्पणी/संस्तुति सहित प्रस्तुत करना होगा।

12–अधोहस्तरक्षरी न्यूनतम टेण्डर अनुबन्ध में निहित शर्तो को स्वीकार करने तथा किसी निविदा को अस्वीकार करने के लिए कारण प्रस्तुत करने को बाध्य नही होंगें।

13–प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग निविदा दिया जायेगा।

14–शासकीय हित में अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये सम्पूर्ण निविदा निरस्त किए जाने का अधिकार होगा।

15–निर्धारित मानक के अनुसार कार्य गुणवत्तापूर्ण न पाये जाने पर निविदा निरस्त करते हुए शासनादेश में निहित निर्देशों के अनुरूप संवैधानिक/वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

**पत्र संख्याः भ–119/2013(थाना)**
**दिनांकःजनवरी 31, 2024**

पुलिस अधीक्षक,
मीरजापुर।

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–**

1–पुलिस आयुक्त, वाराणसी।
2–अपर पुलिस महानिदेशक,वाराणसी जोन,उ0प्र0,वाराणसी।
3–पुलिस उप महानिरीक्षक,विन्ध्याचल परिक्षेत्र,उ0प्र0,मीरजापुर।
4–जिलाधिकारी, मीरजापुर।
5–समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, वाराणसी जोन।
6–सेनानायक 34,36,39,20,42,4वीं एवं 48वीं वाहिनी पीएसी।
7–अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग,मीरजापुर।
8–अपर पुलिस अधीक्षक–नगर/आपरेशन,मीरजापुर।
9–क्षेत्राधिकारी भवन(सदर), मीरजापुर को सूचनार्थ एवं उक्त तिथि पर कार्यालय में उपस्थित रहकर निविदा की कार्यवाही पूर्ण करने तथा प्राप्त निविदा के आधार पर तुलनात्मक चार्ट तैयार कर हस्ताक्षरोपरान्त् अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने हेतु।
10–प्रतिसार निरीक्षक,पुलिस लाइन्स,मीरजापुर।
11–प्रधान लिपिक/आंकिक।